प्रपत्र – 5

# न्यायालय सहायक कलक्टर, (फास्ट ट्रेक), बाड़मेर

पीठासन अधिकारी श्री नीरज मिश्र (आर.ए.एस.)

प्राथमिक डिक्री

अनवान

वादी

1. पोकराराम पुत्र हड्डुमानराम जाति जाट निवासी डाबलीसरा (चवा) तहसील व जिला बाडमेर।

बनाम

प्रतिवादीगण

1 कौशलाराम 2 मोटाराम 3 जगमालराम 4 मगाराम पिसरान हड्डुमानराम जाति जाट निवासी डाबलीसरा (चवा) तहसील व जिला बाडमेर 5 तहसीलदार बाडमेर 6 शाखा प्रबन्धक दी बाडमेर सेन्ट्रल कॉ–ओपरेटिव बैंक लिमिटेड, शाखा सिणधरी 7 शाखा प्रबन्धक जयपुर थार ग्रामीण बैंक शाखा चवा।

दावा बाबत् 53 व 88 रा.का.अ.
मुकदमा नम्बर :– 235/2019
निर्णय दिनांक :– 06/03/20

वकील वादी पक्ष एवं वकील प्रतिवादी संख्या 01 से 04 की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 06/03/20 को श्री नीरज मिश्र, सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) बाडमेर के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिए पेश होने पर, आदेश किया जाता है और प्राथमिक डिकरी निम्नप्रकार दी जाती है कि :–

वादी का वाद एवं प्रतिवादी संख्या 01 से 04 का प्रतिदावा प्राथमिक रूप से स्वीकार किया जाकर मौजा डाबलीसरा (चवा) पटवार क्षेत्र चवा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 56 रकबा 184.14 बीघा, खसरा संख्या 641/56 रकबा 06.11 बीघा व खसरा संख्या 56/1429 रकबा 0.16 बीघा कुल रकबा 192.01 बीघा भूमि में वादी का 1/5 हिस्सा, प्रतिवादी संख्या 01 से 04 प्रत्येक का 1/5–1/5 हिस्सा खातेदारी का घोषित किया जाता है। तहसीलदार बाडमेर को मौका कमीश्नर नियुक्त किया जाकर निर्देश दिये जाते है कि पक्षकारान एवं मौत बिरान की उपस्थिति में मौजा डाबलीसरा (चवा) पटवार क्षेत्र चवा तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 56 रकबा 184.14 बीघा, खसरा संख्या 641/56 रकबा 06.11 बीघा व खसरा संख्या 56/1429 रकबा 0.16 बीघा कुल रकबा 192.01 बीघा भूमि में वादी का 1/5 हिस्सा, प्रतिवादी संख्या 01 से 04 प्रत्येक का 1/5–1/5 हिस्सा का कब्जा काश्त अनुसार भूमि का विभाजन का प्रस्ताव राजस्थान काश्तकारी अधिनियम (राजस्व मण्डल नियम) 18 से 21 के प्रावधानों के मद्देनजर तैयार कर एक माह में उपलब्ध करवाये। कमीश्नर शुल्क रू. 1500/– निर्धारित की जाती है जो वादी द्वारा मौके पर अदा की जायेगी। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करे।

यह आज तारीख 06/03/20 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) ... बाड़मेर

(नीरज मिश्र)
पीठासन अधिकारी
सहायक कलक्टर,
(फास्ट ट्रेक), बाड़मेर

Signature Not Verified
Digitally signed by Chhaya Singh
Date: 2025.09.18 13:14:30 IST
Reason: SelfAttested

वाद का खर्च

| वादी | रूपया | प्रतिवादी | रूपया |
|---|---|---|---|
| 1 वाद पत्र के लिए स्टाम्प<br>2 शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प<br>3 प्रदर्शो के लिए स्टाम्प<br>4 ......... रूपये पर प्लीडर की फीस<br>5 साक्षियों के लिए निर्वाह–व्यय<br>6 कमिश्नर की फीस<br>7 आदेशिका की तामिल | | शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प<br>अर्जी के लिए स्टाम्सप<br>प्लीडर की फीस<br>साक्षियों के लिए निर्वाह व्यय<br>आदेशिका की तामील<br>कमिश्नर की फीस | |
| जोड़ | | जोड़ | |